उत्तराखण्ड सरकार

# कार्यालय महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड

सूचना भवन, लाडपुर रिंग रोड, देहरादून

**E-mail : infodg.uk@gmail.com, dg-info-uk@nic.in** दूरभाष : 0135–2662971 / फैक्स : 2662334

पत्रांकः 415 / सू.एवंलो.सं.वि.(प्रशा.)– 05 / 2018 दिनांक : 20 मई, 2019

## कार्यालय–आदेश

''उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017'' (संख्याः 01, वर्ष 2018) जिसकी प्रति उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल uk.gov.in पर उपलब्ध है, के अनुक्रम में निर्गत इस कार्यालय के आदेश संख्या–359 / सू.एवं लो.सं.वि.(प्रशा.)–05 / 2018, दिनांक 03 मई, 2018 तथा आदेश संख्या–360 / सू.एवं लो.सं.वि.(प्रशा.)–05 / 2018, दिनांक 03 मई, 2019 के माध्यम से विभाग के समूह 'ग' तथा 'घ' के पात्र कार्मिकों से स्थानान्तरण हेतु क्रमशः विकल्प'' एवं 'अनुरोध पत्र' आमंत्रित किये गये थे।

उक्त के क्रम में निम्नांकित कार्मिकों से निम्नानुसार 'विकल्प' एवं 'अनुरोध पत्र' प्राप्त हुए हैं :–

### सुगम क्षेत्र से दुर्गम क्षेत्र में अनिवार्य स्थानान्तरण हेतु विभाग के विभिन्न संवर्गों के पात्र कार्मिकों / पदधारकों से प्राप्त 'विकल्प' एवं 'अनुरोध पत्र'

(1) कनिष्ठ सहायक (समूह 'ग')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय / कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुषमा | सूचना मुख्यालय, उत्तराखण्ड, देहरादून | जिला सूचना कार्यालय, उत्तरकाशी | – |

(2) वाहन चालक (समूह 'ग')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय / कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री तारा दत्त पाण्डे | जिला सूचना कार्यालय, अल्मोड़ा। | जिला सूचना कार्यालय, बागेश्वर | वृद्ध माता–पिता होने के अलावा घर की सारी जिम्मेदारी मेरे ऊपर ही है। एक हादसे में 15 साल के पुत्र की असामयिक मृत्यु के पश्चात मैं तथा मेरी पत्नी मानसिक तनाव में रहते हैं। अतः पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए मुझे जनपद अल्मोड़ा में रहने की अनुमति प्रदान करें। |

(3) टैक्निकल सहायक (समूह 'घ')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय / कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री हरीश सिंह बिष्ट | जिला सूचना कार्यालय, अल्मोड़ा। | जिला सूचना कार्यालय, चम्पावत | प्रार्थी वर्तमान में उच्च रक्तचाप की बिमारी से ग्रसित है साथ ही वृद्ध माता की देखभाल की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए मुझे जनपद अल्मोड़ा में रहने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करे। |

–––क्रमशः पृष्ठ–2

(4) अनुसेवक/चपरासी (समूह 'घ')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय/कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विशन दत्त जोशी | सूचना मुख्यालय, उत्तराखण्ड, देहरादून | — | — |

अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु विभाग के विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों/पदधारकों से प्राप्त 'अनुरोध पत्र'

(1) सूचना अधिकारी/जिला सूचना अधिकारी (समूह 'ख')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय/कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रकाश सिंह भण्डारी | जिला सूचना कार्यालय, देहरादून | 1. जिला सूचना कार्यालय, पिथौरागढ़<br>2. जिला सूचना कार्यालय, चम्पावत | प्रार्थी 57 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुका है। सेवारत कार्मिक को अपनी अन्तिम सेवाकाल में नजदीकी अथवा गृह जनपद में तैनाती दिये जाने का संभवतः प्राविधान किया गया है। |

(2) सहायक लेखाकार (समूह 'ग')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय/कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मदन मोहन लाल आर्य | जिला सूचना कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल | 1. जिला सूचना कार्यालय, ऊधमसिंह नगर<br>2. जिला सूचना कार्यालय, चम्पावत<br>3. जिला सूचना कार्यालय, अल्मोड़ा | प्रार्थी उत्तराखण्ड राज्य गठन के उपरान्त से आज तक दुर्गम क्षेत्रों में ही तैनात रहा है। परिवार से दूर रहने पर पारिवारिक देखभाल न होने व विषमताओं के कारण मानसिक वेदनाओं से ग्रसित होने के फलस्वरुप मेरे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। जिस कारण उच्च रक्तचाप व मधुमेह जैसी बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण पत्नी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता है। मेरी सेवानिवृत्ति को मात्र तीन वर्ष नौ माह शेष रह गये हैं, वर्तमान तैनाती स्थल पर मुझे जून माह में तीन वर्ष भी पूरे हो जायेंगे। |

(3) अनुसेवक/चपरासी (समूह 'घ')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय/कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुरेश लाल | जिला सूचना कार्यालय, टिहरी गढ़वाल | सूचना निदेशालय, देहरादून | प्रार्थी जिला सूचना कार्यालय, टिहरी गढ़वाल में जुलाई, 2009 से अनुसेवक के पद पर कार्यरत है। महोदय प्रार्थी हृदय रोगी है। जिसका ईलाज देहरादून से चल रहा है। |

——क्रमशः पृष्ठ–3

## स्वयं के अनुरोध के आधार पर पारस्परिक स्थानान्तरण हेतु विभाग के विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों/पदधारकों से प्राप्त 'अनुरोध पत्र'

### 1) अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी (समूह 'ग')

| क्र. सं. | कार्मिक का नाम | वर्तमान तैनाती कार्यालय/कार्य स्थल | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत विकल्प | स्थानान्तरण हेतु प्राथमिकता क्रम में प्रस्तुत अनुरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मदमहेश्वर प्रसाद शुक्ला | मीडिया सेंटर, हल्द्वानी नैनीताल | 1. जिला सूचना कार्यालय, पौड़ी<br>2. जिला सूचना कार्यालय, टिहरी<br>3. जिला सूचना कार्यालय, उत्तरकाशी | मेरी अधिकांश राजकीय सेवा/तैनाती पर्वतीय क्षेत्रों में रही है, हल्द्वानी एक भाबर क्षेत्र है तथा यहां गर्मी काफी पड़ती है, गर्मी का मौसम मेरे अनुकूल नहीं है, काफी आयु होने के कारण मेरी पत्नी व अन्य परिवार के सदस्य भी मेरे साथ रह रहे हैं, उनको भी यहां का मौसम अनुकूल नहीं है। जिसके कारण मैं व मेरा परिवार आये दिन बीमार रहता है। ऐसी स्थिति में शासकीय कार्य प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। |
| 2. | श्री गोविन्द सिंह बिष्ट | जिला सूचना कार्यालय, उत्तरकाशी | मीडिया सेंटर, हल्द्वानी नैनीताल | मेरी माता जी की उम्र 66 वर्ष है, जिनका मधुमेह, उच्च रक्तचाप व अन्य बीमारियों के कारण स्वास्थ्य खराब रहता है तथा घुटनों व पैरों में दर्द है जिससे चलने में असमर्थ हैं। अन्य पारिवारिक परेशानियां भी हैं, इसलिए महोदय से अनुरोध है कि मुझे अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी, मीडिया सेन्टर हल्द्वानी में तैनात श्री मदमहेश्वर प्रसाद शुक्तला की सहमति पत्र के आधार पर मीडिया सेंटर हल्द्वानी स्थानान्तरित करने की कृपा करें। |

उपरोक्तानुसार प्राप्त 'विकल्प'' एवं 'अनुरोध पत्रों' का विवरण अधिनियम की धारा–23 के अन्तर्गत सर्व सम्बन्धित के अवलोकनार्थ परिचालित/प्रदर्शित किया जा रहा है।

(दीपेन्द्र कुमार चौधरी)
महानिदेशक

पत्रांकः 415 (1)/सू.एवंलो.सं.वि.(प्रशा.)– 05/2018, तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, सूचना, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागीय अधिकारी/प्रभाग/शाखायें, मुख्यालय।
3. उपनिदेशक, मीडिया सेंटर, हल्द्वानी, नैनीताल।
4. प्रभारी, उत्तराखण्ड राज्य सूचना केन्द्र, नई दिल्ली।
5. समस्त जिला सूचना अधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. सम्बन्धित कार्मिक।
7. नोटिस बोर्ड/विभागीय वेबसाइट हेतु।

(दीपेन्द्र कुमार चौधरी)
महानिदेशक